**BCM School Basant Avenue Ludhiana**
**Class VIII**
**Worksheet No 2(Hindi)(MM15)**
निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**(4)**
सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है, तब जिस सुख को वह अनुभव करता है, वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देनेवाला होता है। जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है उदाहरण के लिए दान देनेवाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन-त्याग का साहस । यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा उत्साह आनंद और साहस का मिला-जुला रूप है। उत्साह में किसी-न-किसी वस्तु पर ध्यान अवश्य केंद्रित होता है। वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्म के फल पर और चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो। इन्हीं के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है। कर्म-भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है। सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद का अनुभव करता है, सच्चा वीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है। आलस्य उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु है। जो व्यक्ति आलस्य से भरा होगा, उसमें काम करने के प्रति उत्साह कभी उत्पन्न नहीं हो सकता। उत्साही व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है। उत्साही व्यक्ति सदा दृढनिश्चयी होता है।"

**1-** उत्साह का प्रमुख लक्षण है
(क) जोश
(ख) आनंद और जोश
(ग) आनंद

**2-** सच्चे वीर वे होते हैं
(क) जो फल पाने के लिए उत्साह दिखाते हैं
(ख) जो कर्म भाव से उत्साह दिखाते हैं
(ग) जो निष्काम भाव से उत्साह दिखाते हैं

**3-** उत्साह के मार्ग में सबसे बड़ी रुकावट है
(क) आलस्य
(ख) निराशा
(ग) वैराग्य

**4)**केंद्रित और अधिकता में क्रमशः प्रत्यय इस प्रकार है
(क) द्रित, ता
(ख) ईत, आ
(ग) इत, ताज

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
**1)**उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद हैं।**(1)**
**(i)** तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी
**(ii)** रूढ़, यौगिक, योगरूढ़
**(iii)** एकार्थी, अनेकार्थी, विलोम, पर्यायवाची

**2)**'उज्ज्वल' का सही तद्भव शब्द है।**(1)**
**(i)** उजियारा
**(ii)** उजला

**(iii)** उजागर

**3)**निम्नलिखित शब्दों के संधि कीजिये।**(2)**
**1)** गै **+** अक **=**
**2)**पौ **+** अन **=**
**3)** वीर **+** उचित **=**
**4)** जल **+** ऊर्मि **=**

**4)**निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए।**(2)**
**1)**युद्ध**-**
**2)**तालाब**-**

**5)**निम्नलिखित वाक्यों में विपरीत शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**(2)**
**1)**बलवान व्यक्ति को कोई**—-------** नहीं बना सकता।
**2)**भाषा को हम मौखिक और **—-------**रूप से आदान प्रदान कर सकते हैं।
**6)**निम्नलिखित उपसर्ग से दो**-** दो नए शब्द **(2)**
अति
अप

**7)**निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए।**(1)**
जीवन में सुख दुःख तो चलता ही रहता है
तुलसीदास ने सत्य कहा है पराधीन सपनेहु सुख नाहीं